

# बारिश पूर्व तैयारियों की खुली पोल

## जल निकासी के अभाव में कॉलोनी के रहवासी परेशान

नवभारत न्यूज

**सांची, 1 अगस्त. सांची नगर में हर वर्ष बारिश पूर्व तैयारियों के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में इन तैयारियों की वास्तविकता सामने आ जाती है. जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**



नगर में बारिश पूर्व नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था के नाम पर हर वर्ष कवायद की जाती है तथा इस पर हजारों रुपये भी खर्च किए जाते हैं. इसके बावजूद लगातार हो रही बारिश ने तैयारियों की पोल खोल दी है.

वार्ड क्रमांक 14 स्थित गुलगांव चौराहे के समीप वर्षों पुरानी एक कॉलोनी में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं. इस कॉलोनी तक पहुंचने के लिए ओवरब्रिज के किनारे बने सीसी रोड से होकर गुजरना पड़ता है. सड़क तो गुणवत्तापूर्ण बनी है, लेकिन जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं होने से बारिश का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है. परिणामस्वरूप रहवासियों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कॉलोनी में अधिकांश शिक्षित एवं जागरूक नागरिक निवास करते हैं. उन्होंने कई बार नगर परिषद प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका. बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

### क्या कहते हैं अध्यक्ष

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार ने कहा, 'हम मौके की जांच करवा लेते हैं. यदि कहीं सड़क पर पानी भरा है तो उसकी निकासी की तत्काल व्यवस्था कराई जाएगी.'

## धात्री माताओं को बताया स्तनपान का महत्व

**सांची.** विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस अभियान का उद्देश्य माताओं और परिवारों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देना है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांची में सीबीएमओ डॉ. लक्ष्मी कुमार के मार्गदर्शन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान डॉ. श्रेया गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी गर्ग, बीईई संतोष कुमार, एमपीएस सी.एस. पाल, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं स्टाफ नर्सों ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड का भ्रमण कर धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व की जानकारी दी. स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि नवजात शिशु को जन्म के प्रथम घंटे के भीतर मां का दूध अवश्य पिलाना चाहिए. जन्म से छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए.

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में गंदगी पर एसडीएम नाराज

## नगर पालिका कार्यालय का भी किया निरीक्षण

- रिकॉर्ड क्रमबद्ध सुव्यवस्थित रखने के दिए निर्देश
- निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की



नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 1 अगस्त. एसडीएम प्रियंका भलावी ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. नगर पालिका कार्यालय में एसडीएम ने विभिन्न शाखाओं की फाइलों और अभिलेखों का अवलोकन किया. उन्होंने कार्यालयीन रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित रखने, महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अद्यतन संधारण करने तथा सभी अभिलेखों को क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि जरूरत पड़ने पर रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध हो सके.

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई. एसडीएम ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा कराने तथा संबंधित फाइलों और प्रगति प्रतिवेदनों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए.

> उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों और प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया. साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना अनावश्यक विलंब के उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. एसडीएम ने कहा कि नगर पालिका में बेहतर कार्यालयीन प्रबंधन, स्वच्छता, नियमित निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं.

# सेवानिवृत्ति पर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी विदाई



**सलामतपुर, 1 अगस्त. दीवानगंज आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को आयोजित विदाई समारोह में दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया.**

दीवानगंज फर्स्ट केंद्र की कार्यकर्ता कुसुम चतुर्वेदी एवं जमुनिया फर्स्ट केंद्र की कार्यकर्ता सविता मुखरिया के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पहार पहनाकर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. समारोह में दीवानगंज ग्राम पंचायत सरपंच गिरजेश नायक, सचिव रामप्रसाद मालवीय, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नीता अहिरवार सहित सभी 32 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं.

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेगमगंज.** न्यायालय परिसर में टाइपिस्ट का काम करने वाले एक 35 वर्षीय युवक जसवंत सिंह लोधी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के छोटे भाई मलखान सिंह का कहना है कि कृष्णा बाई लोधी ने अपने पति जसवंत सिंह लोधी पर दहेज प्रताड़ना का झूठा प्रकरण दर्ज कराकर विदिशा न्यायालय में पिछले 7 वर्ष से पेशियां कराई जा रही थी. पत्नी द्वारा झूठा प्रकरण दर्ज कराकर लगातार आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने से परेशान होकर उसने आत्महत्या करने जैसा घातक कदम उठा लिया.

# पूर्व विधायक ने किया नीट टॉपर आदर्श का सम्मान

- कुण्डाली गांव के किसान पुत्र आदर्श ने पाई सफलता
- ग्राम पुत्र की उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष की लहर



नवभारत न्यूज

**बम्होरी, 1 अगस्त. छोटे से गांव कुण्डाली के किसान पुत्र आदर्श लोधी की सफलता अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गई है. नीट-यूजीपरीक्षा में 720 में से 680 अंक हासिल करने वाले आदर्श का नाम राज्यसभा में भी गूंजा.**

सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने अपने संबोधन के दौरान आदर्श की उपलब्धि का उल्लेख किया, जिसके बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई.

आदर्श, ग्राम कुण्डाली निवासी किसान भगवान सिंह लोधी और रेवा बाई के पुत्र हैं. उन्होंने लगातार दो वर्षों तक पुणे में रहकर नीट की तैयारी की.

सम्मान समारोह में मंडल अध्यक्ष हरनाम पटेल, शिवपाल सिंह राजपूत, मलखान पटेल, पंकज शर्मा, गजेंद्र सोनी, आशीष सोनी, किशोर सोनी, लक्ष्मण लोधी, तेजसिंह लोधी, हरिओम पटेल, मैथिली शरण आचार्य, राजेश बघेल, हर्षित साहू, महेश बैरागी, मिथुन लोधी, राजेश साहू, रामकृष्ण लोधी, नाजिर अहमद, फिरोज खान, रेवाराम शिल्पी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

> पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत ने बम्होरी रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में आदर्श को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि आदर्श ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती. उनकी सफलता गांव के अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य तय करने की प्रेरणा देगी.

# भगवान शिव करुणा, तपस्या के साक्षात स्वरूप : शास्त्री



- दीनदयाल कॉलोनी में रुद्राभिषेक का तृतीय दिवस
- बेगम में चल रहे रूद्र अभिषेक के तीसरे दिन

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 1 अगस्त. दीनदयाल कॉलोनी बेगमगंज में चल रहे रुद्राभिषेक के तृतीय दिवस पं.कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा आज हम भगवान शिव की महिमा का स्मरण करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्हें शास्त्रों ने देवों के देव महादेव कहा है.**

शिव केवल एक देवता नहीं, बल्कि कल्याण, करुणा, त्याग, तपस्या और परम सत्य के साक्षात स्वरूप हैं. भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे अपने भक्त के प्रेम को देखते हैं, वैभव को नहीं.एक लोटा जल, कुछ बिल्वपत्र और सच्ची श्रद्धा से वे प्रसन्न हो जाते हैं. वे राजा और रंक, दोनों पर समान कृपा करते हैं. शिव हमें सिखाते हैं कि जीवन में अहंकार नहीं, विनम्रता; क्रोध नहीं, करुणा; लोभ नहीं, संतोष; और द्वेष नहीं, प्रेम होना चाहिए. उनके मस्तक पर चंद्रमा शीतलता का संदेश देता है, जटाओं से बहती गंगा पवित्रता का, गले का सर्प निर्भयता का और त्रिशूल धर्म, ज्ञान और शक्ति का प्रतीक है. श्रावण मास में शिव की उपासना का विशेष महत्व है.इस पवित्र मास में किया गया रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जप और 'नमः शिवाय' का स्मरण मन को शांति, जीवन को पवित्रता और आत्मा को ईश्वर के निकट ले जाता है.

> भगवान शिव का जीवन हमें सिखाता है कि जो स्वयं कष्ट सहकर भी संसार का कल्याण करे, वही सच्चा महादेव है .समुद्र मंथन के समय जब कालकूट विष निकला और समस्त सृष्टि संकट में पड़ गई, तब किसी ने उसे स्वीकार नहीं किया .उस समय भगवान शिव ने स्वयं विष का पान कर संसार की रक्षा की और नीलकंठ कहलाए . यही शिवत्व है-स्वयं कष्ट सहकर दूसरों का कल्याण करना.

# 128 छात्रों को साइकिल वितरण

## गांवों से स्कूल आने में विद्यार्थियों को होगी सुविधा : राजपूत



नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 1 अगस्त. आदिवासी अंचल के ग्राम प्रतापगढ़, बीकलपुर, जैथारी एवं छींद में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में 128 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने से आवागमन में सुविधा होगी.



## पूर्व मंत्री सिंह ने मूंग खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**सिलवानी.** क्षेत्र के धनगवा वेयरहाउस स्थित चूनेटिया सोसायटी के मूंग खरीदी केंद्र का शुक्रवार को पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पटेल एवं नायब तहसीलदार गौरव शुक्ला के साथ निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने किसानों से उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली.



# गीत गाकर दी मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 1 अगस्त. रफी साहब केवल एक गायक ही नहीं थे सुरों की एक ऐसी दुनिया थे जिसमें प्रेम था दर्द था भक्ति थी देशभक्ति थी मस्ती थी और इंसानियत की खूबसूरत भावना उक्त विचार कार्यक्रम का संचालन कर रहे विक्रम सिंह ठाकुर ने व्यक्त किए.**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी भगवान सिंह ठाकुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्षद बृजेश लोधी ने रफी साहब की फोटो पर तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ किया. स्वर संगीत एवं स्वास्थ्य सेवा समिति के पवन दुबे ने रफी साहब का जब दर्द भरा गीत आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे ओ मेरे मितवा सुनकर श्रोताओं आंखें नम हो गई. डॉ. जितेन्द्र सिंह तोमर ने अपनी शानदार आवाज में रफी साहब का जब यह गीत तुम मुझे यूं भुला न पाओगे और फिर ये चांद सा रोशन चेहरा, ज़ुल्फ़ों का रंग सुनहरा ये झील सी नीली आँखें, कोई राज़ है इनमें गहरा तारीफ़ करूँ क्या उसकी, जिसने तुम्हें बनाया यह गीत सुनकर दर्शक तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गए. पूर्व सैनिक मनमोहन सिंह तोमर ने बदन पे सितारे लपेटे हुए ओ जाने तमन्ना किधर जा रही हो जब यह गीत सुनाया तो दर्शकों को शम्मी कपूर की अदाएं याद आ गई और सभी झूम उठे, सुनील सोनी ने एक दर्द भरा नगमा 'वो जब याद आए बहुत याद आए' निलेश मिश्रा ने मुझे इश्क है तुझी से..गीत सुनाया.

# श्रावण मास : कांवड़ यात्राओं का सिलसिला हुआ शुरू

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 1 अगस्त. श्रावण मास प्रारंभ होते ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कांवड़ यात्राओं का सिलसिला शुरू हो गया है.**

शनिवार को जैसीनगर का एक श्रद्धालुओं का जत्था मां नर्मदा तट बोरास से पवित्र नर्मदा जल लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सिलवानी मार्ग से गुजरते हुए जैसीनगर की ओर रवाना हुआ. कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि वे लगभग 1 क्विंटल 30 किलोग्राम वजन की विशेष कांवड़ लेकर यात्रा कर रहे हैं. इस कांवड़ में करीब 50 किलोग्राम वजनी स्टील का फ्रेम तथा 80 लीटर मां नर्मदा का पवित्र जल रखा गया है, जिसे लेकर वे पदयात्रा कर रहे हैं.

श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार को वे इस पवित्र नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे.

**जागरुकता** ▶ साइबर क्राइम से बचाव के बताए उपाय

# बेगमगंज में एसबीआई ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 1 अगस्त. बैंकिंग कार्यप्रणाली एवं खातेदारों के साथ ऑनलाइन हो रही धोखाधड़ी कर उनकी मेहनत की कमाई हड़पने वाले साइबर अपराधियों से सावधान रहकर बचने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्यिक शाखा बेगमगंज द्वारा सिविल अस्पताल सभागार में शासकीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वित्तीय साक्षरता शिविर के माध्यम से जानकारियां दी गई.**



शिविर भा.स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी कुमार पटेल ने साइबर , आनलाइन फ्रॉड, मनी मूल खातों, आनलाइन ऋण, बीमा, निवेश आदि से सम्भावित फ्रॉड के तरीके एवं उनसे बचाव के उपाय के संबंध में विस्तार से बताते हुए साइबर अपराधियों से सतर्क रहने के लिए टिप्स देते हुए जागरूक किया. उन्होंने सभी हितग्राहियों से अधिकृत संस्था के माध्यम से बीमा, निवेश, ऋण आदि सुविधा प्राप्त करने का सुझाव देते हुए सलाह दी कि कम पैसे में ओर त्वरित काम होने की लालच देने वाले ठगों के झांसे में ना आए बल्कि इसके अतिरिक्त केंद्र/राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे- एनपीएस वात्सल्य, सुकन्या, पीपीएफ इत्यादि का लाभ उठाने की जानकारियां दी गई.

### एसबीआई ने खातेदारों से की अपील


भारतीय स्टेट बैंक की इस महत्वपूर्ण पहल से खातेदारों को जागरूक करने की प्रक्रिया की प्रशंसा करते हुए बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर ने अनाधिकृत संस्था से ऋण लेने या निवेश करने बचने की सभी कर्मचारियों से केवल भारत सरकार व रिजर्व बैंक द्वारा अधिकृत नामचीन बैंकों से ही लेनदेन करने के साथ वर्तमान में चलित बैंकिंग योजनाओं का लाभ उठाने की बात करते हुए ऑनलाइन गेम या लॉटरी ओर कर्ज लेने से बचने की अपील की.

# नपाध्यक्ष ने आवासीय पट्टों के लिए वार्डों में किया सर्वे

- कई गरीब परिवारों के पास पट्टे ही नहीं उपलब्ध
- पट्टाविहीन लोगों को सर्वे के बाद मिलेगा पट्टा

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 1 अगस्त. नगर के कई वार्ड में गरीब परिवारों के पास आवासीय पट्टे नहीं है, जिसके कारण उनके सिर पर बेदखली की तलवार लटकी रहती है और पीएम आवास योजना के लाभ वंचित भी है.**



सरकार द्वारा ऐसे गरीबों को मदद के तौर पर पट्टे उपलब्ध कराया जा रहे हैं ताकि उन्हें पीएम एवं सीएम आवास योजना का लाभ मिल सके. इसी तारतम्य में शनिवार को नपाध्यक्ष संदीप लोधी ने वार्ड क्रमांक 17 रामनगर , श्यामनगर में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू को साथ लेकर श्याम नगर में निवासरत पट्टाविहीन परिवारों का नगर पालिका सर्वेक्षण दल के साथ स्वयं सर्वे किया ताकि पट्टे के लिए कोई परिवार छूट न जाए.

आज दो दर्जन से अधिक घरों का सर्वे किए जाने के बाद नपाध्यक्ष संदीप लोधी ने बताया कि नगर के सभी 18 वार्डों में सर्वेक्षण कराया जा रहा है ताकि कोई परिवार छूट नहीं जाए. डोर टू डोर पट्टाविहीन लोगों का सर्वेक्षण कराया जा रहा है ताकि उन्हें सरकार की मंशानुसार पट्टा उपलब्ध कराकर आवासीय योजना का लाभ दिया जा सके. पट्टा मिलने के बाद ही कच्चे घर वाले परिवारों को पीएम आवास योजना की पात्रता होगी.